## खबर संक्षेप

### निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन 18 को

**बरही।** नगर परिषद बरही में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन 18 जनवरी रविवार को नवीन बस स्टैंड नगर परिषद के बाजू से किया जाएगा। सदगुरू नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट के तत्वाधान में अंधत्व निवारण अंतर्गत मोतियाबिंद सहित अन्य नेत्र संबंधित रोगियों की जांच के लिए विशाल निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन नेत्र विशेषज्ञों के द्वारा बरही नगर में किया जाएगा। निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन पूर्व अध्यक्ष नगर परिषद बरही स्व बाला प्रसाद वर्मा (लाला जी) की पुण्य स्मृति में उनके पुत्र अजय बाला प्रसाद वर्मा एवं परिवार के द्वारा प्रति वर्ष कराया जाता है, जिसमें 18 जनवरी को सुबह 9 बजे से एक बजे तक रोगियों की जांच एवं जांच उपरांत चित्रकूट ले जाकर ऑपरेशन पश्चात शिविर स्थल पर वापस पहुंचाया जाएगा। समस्त नगरवासी एवं आयोजक मंडल ने शिविर में पहुंचने एवं गरीब, असहाय रोगियों को शिविर तक पहुंचाने एवं सहयोग करने की अपील की है।

### हेलमेट पहनने एवं नियमों का पालन करने किया जागरूक

**कटनी।** सड़क सुरक्षा माह के तहत ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। यातायात पुलिस द्वारा जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर, कटनी में विशेष यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जितेंद्र शर्मा, जिला सत्र न्यायाधीश संजय गुप्ता, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जय प्रताप चडार एवं फैमिली कोर्ट न्यायाधीश भास्कर यादव की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर यातायात नियमों का पालन करते हुए सुरक्षित रूप से वाहन चलाने वाले बाइक एवं कार चालकों को न्यायाधीशों द्वारा गुलाब का फूल भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग न करने वाले चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए समझाइश दी गई तथा उन्हें हेलमेट प्रदाय कर अनिवार्य रूप से हेलमेट धारण करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना तथा आमजन में यातायात नियमों के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना रहा। जागरूकता कार्यक्रम में थाना प्रभारी यातायात राहुल पाण्डेय, सूबेदार सोनम उईके, सुरेन्द्र सिंह, दीप गौतम, मंजय यादव, राजकुमार सहित यातायात पुलिस का अमला उपस्थित रहा।

### ज्ञान युग दिवस पर आज होगा विशाल कार्यक्रम

**स्लीमनाबाद।** स्लीमनाबाद स्थित महर्षि विद्या मंदिर स्कूल में महर्षि महेश योगी का 109 जन्मदिवस ज्ञान युग दिवस के रूप मनाया जायेगा इसके लिए कार्यक्रम आज आयोजित किया जायेगा। प्राचार्या प्रीति मिश्रा ने बताया कि कार्यक्रम मै मुख्य अतिथि एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी,विशिष्ट अतिथि बीआरसी प्रशांत मिश्रा ओर जनशिक्षक डॉ दिलीप त्रिपाठी होंगे।

### माधवनगर थाना अंतर्गत संजय नगर में मिली लाश, जांच पड़ताल में जुटी पुलिस

# पिता व पुत्र की लाश मिलने से सनसनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

माधव नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत संजय नगर में पिता व पुत्र की लाश मिलने से सनसनी मच गई। पिता व पुत्र किराये के मकान में रहते थे जहां दोनो की लाश मिली। बताया जाता है कि कमरे से दुर्गंध आने के कारण लोगों को किसी अनहोनी घटना की आशंका हुई जिसके बाद उन्होंने इसकी सूचना माधव नगर पुलिस को दी। पुलिस ने जब कमरे का दरवाजा खोल कर देखा तो वहां पर बाप बेटे मृत अवस्था में पड़े थे।

माधव नगर थाना प्रभारी संजय दुबे ने बताया कि ग्राम अमरोली बैढ़न जिला सिंगरौली निवासी 62 वर्षीय विनय कुमार राय पिता राजनारायण राय जो रिटायर्ड शिक्षक है। पिछले कुछ दिनों से बीमार रह रहे थे। उनका पुत्र 28 वर्षीय आनंद कुमार राय ऐसीसी फैक्ट्री में कार्यरत था। दोनों पिता पुत्रों की लाश किराए के मकान में पाई गई है। जिस मकान से पिता पुत्र की लाश मिली वह मकान बंद था। आसपास जब दुर्गंध फैल गई तो लोगों को आशंका हुई और उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। घटनास्थल की जांच के दौरान जहरीली दवा की खाली शीशियां भी मिली हैं। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। स्थानीय लोगों के



मुताबिक पिता पुत्र कर्ज से परेशान थे। संभावना जताई जा रही है कि बढ़ते कर्ज के कारण ही दोनों ने जहरीली दवा खाकर आत्महत्या की हो।

पुलिस ने घटनास्थल को सील कर दिया और आवश्यक साक्ष्य जुटाए। शवों का पंचनामा तैयार कर उन्हें पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है। थाना प्रभारी संजय दुबे ने घटना के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें एक मकान में दो शव पड़े होने की सूचना मिली थी। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर बारीकी से निरीक्षण किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला जहरीले पदार्थ का सेवन करने से हुई मृत्यु का लग रहा है। हालांकि मौत के सटीक कारणों का खुलासा पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल मर्ग कायम कर लिया गया है और हर संभावित पहलू से जांच की जा रही है।

## युवक की मौत पर किया चकाजाम प्रदर्शन, परिजनों ने प्रताड़ित करने के लगाये आरोप

एक युवक के द्वारा खुदकुशी किये जाने पर परिजनों एवं ग्रामीणों ने चकाजाम प्रदर्शन कर विरोध जताया। परिजनों ने युवक को प्रताड़ित करने के आरोप लगाये हैं। घटना बड़वारा थाना क्षेत्र के चपहानी गांव की है। चपहनी निवासी 24 वर्षीय आनंद गाडरी का शव रेलवे ट्रैक पर मिला। परिजनों ने पिकअप वाहन मालिक पर मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना का आरोप लगाया है, जिसके कारण युवक ने कथित तौर पर आत्महत्या की। मृतक के पिता रामजी पाल ने बताया कि आनंद बड़वारा स्थित राय



वेयरहाउस के मालिक सुशील राय के यहां पिकअप चालक के रूप में कार्यरत था। बीती 12 जनवरी को सांधी गांव जाते समय पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिससे वाहन को कुछ क्षति पहुंची थी। परिजनों का आरोप है कि दुर्घटना के बाद से वाहन मालिक सुशील राय आनंद पर नुकसान की भरपाई के लिए दबाव बना रहा था। पिता के अनुसार आनंद के साथ मारपीट की गई और उसे झूठे केस में फंसाने की धमकियां दी गईं। इसी प्रताड़ना और डर के कारण आनंद ने गांव के पास रेलवे ट्रैक पर अपनी जान दे दी।

आक्रोशित ग्रामीणों और परिजनों ने बड़वारा नगर के मुख्य मार्ग पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया। प्रदर्शनकारी आरोपी वाहन मालिक के खिलाफ तत्काल कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे थे, जिससे सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। बड़वारा थाना प्रभारी और अन्य अधिकारियों ने परिजनों को निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद जाम खुलवाया जा सका। थाना प्रभारी के. के. पटेल ने बताया कि परिजनों ने वाहन मालिक पर प्रताड़ना के आरोप लगाए हैं। मामले की जांच की जा रही है। वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।



## 2 बाइकों के बीच हुई भिड़ंत, 4 घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बड़वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-43 पर बुधवार दोपहर नैगमा ग्राम के समीप दो तेज रफ्तार मोटरसाइकिलों की आमने-सामने की टक्कर में चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें से एक की हालत नाजुक बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार हादसा बुधवार दोपहर करीब 1 बजे हुआ। रामप्रसाद चौधरी और विजय चौधरी एक बाइक से कटनी की ओर जा रहे थे, जबकि दूसरी ओर से बछोली निवासी गोविंद कोल और सौरभ कोल अपनी मोटरसाइकिल से विलायत कला की ओर जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक नैगमा ग्राम के पास सौरभ की बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई, जिससे सामने से आ रही रामप्रसाद की बाइक से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइकों के परखच्चे उड़ गए और चारों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को मदद पहुंचाई और एंबुलेंस को सूचना दी।

घायलों को निजी वाहनों और आपातकालीन एंबुलेंस की सहायता से बड़वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। विजय चौधरी, गोविंद कोल और सौरभ कोल की हालत फिलहाल स्थिर है और उनका इलाज बड़वारा में जारी है। रामप्रसाद चौधरी के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। हालत नाजुक होने के कारण उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल कटनी रेफर किया गया है।

हादसे की जानकारी मिलते ही बड़वारा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिलों को सड़क से हटाकर यातायात सुचारू कराया गया। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है।

### कलेक्टर एवं जिपं सीईओ से निर्देश देने की गई मांग ताकि सीईओ मुख्यालय में रहे

## जनपद सीईओ के मुख्यालय में नहीं रहने एवं अप डाउन के आरोप, कामकाज प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

शासकीय कर्मचारियों का बेपरवाह रवैया एवं मनमानी लोगों के भटकाव एवं परेशानी का सबब बनती है। प्रशासनिक अधिकारियो को मुख्यालय में रहने के निर्देश है बावजूद इसके अप डाउन की परंपरा हावी है। जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा में पदस्थ मुख्य कार्यपालन अधिकारी यजुर्वेद कोरी पर भी मुख्यालय में नहीं रहने एवं अप डाउन के आरोप लगाये गये हैं। काम काज प्रभावित होने से लोगों में नाराज़गी देखने को मिल रही है। आरोप है कि सीईओ को जनपद मुख्यालय में शासकीय आवास आवंटित होने के बावजूद वे वहां निवास नहीं कर रहे हैं और जबलपुर से अपडाउन कर रहे हैं। सीईओ के कार्यालय में समय पर नहीं पहुंचने से जरूरी कार्य समय पर नहीं हो पा रहे हैं। दूर-दराज़ से आने वाले ग्रामीणों को घंटों इंतजार करना पड़ता है, कई बार बिना काम कराए ही लौटना पड़ता है।

ग्रामीणजनों ने आरोप लगाते हुये यहां तक कहा कि यदि सिहोरा टोल प्लाजा के रिकॉर्ड की जांच की जाए तो यह स्पष्ट हो सकता है कि सीईओ यजुर्वेद कोरी नियमित रूप से जबलपुर–ढीमरखेड़ा अपडाउन कर रहे हैं जबकि शासन के नियमों के अनुसार जनपद स्तर के अधिकारी को मुख्यालय में रहना अनिवार्य होता है, ताकि जनता के कार्य समय पर और सुचारु रूप से हो सकें।

ग्रामीणों का कहना है कि सीईओ जनपद मुख्यालय में ये तीन दिन आते हैं बाकी समय मीटिंग में रहने या कटनी जाने की बात कही जा रही है। इन आरोपों में कितनी सच्चाई है यह तो जांच के बाद ही पता चल सकेगा लेकिन सीईओ के नदारद रहने से जनपद के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। नागरिक अपने कार्य कराने के लिए भटकते रहते हैं लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। जनपद मुख्यालय में अधिकारी की अनुपस्थिति का सीधा असर विकास कार्यों, भुगतान प्रक्रियाओं, पंचायत अनुमोदनों और जनसुनवाई पर पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर अधिकारी समय पर नहीं बैठेंगे तो शासन की योजनाएं सिर्फ कागजों में ही सिमटकर रह जाएंगी।

क्षेत्र में यह जनचर्चा है कि अधिकारियों को जब शासकीय आवास आवंटित है तो नियमानुसार मुख्यालय में रहने एवं समय से कार्यालय में पहुंचने में क्या दिक्कत हो रही है। या अधिकारियों ने स्वयं ही अपने नियम बना रखे हैं। स्थानीय लोगों ने जिला पंचायत सीईओ और कलेक्टर से मांग की है कि इस मामले में तत्काल संज्ञान लिया जाए और सीईओ को नियमानुसार जनपद मुख्यालय के आवास में रहकर समय पर कार्यालय में उपस्थित रहने के निर्देश दिए जाएं, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

### ईश्वरीय विश्व विद्यालय में मकर संक्रांति पर हुआ आयोजन



सिविल लाइन स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में राजयोग केंद्र संचालिका बीके लक्ष्मी बहन के नेतृत्व में मकर संक्रांति पर्व गक्कड़ भर्ता पिकनिक तिल गुड़ के लड्डू और केक कटिंग कर मनाई गई। बीके .लक्ष्मी बहन द्वारा सुरेश गुप्ता और कंचन बहन का तिलक और ईश्वरीय सौगात भेटकर सम्मान किया। बीके लक्ष्मी बहन ने मकर संक्रांति का आध्यात्मिक महत्व बताते हुए कहा कि जैसे इस दिन से सूर्य उत्तरायण होकर दिन बड़े होने लगते हैं वैसे ही ज्ञान से मनुष्य का जीवन प्रकाशमय हो जाता है उन्होंने तिल और गुड के माध्यम से जीवन का गहरा संदेश दिया बताया कि अकेला तिल कड़वा होता है लेकिन गुड़ के साथ मिलकर मीठा हो जाता है इसी तरह जब हम स्नेह और मधुरता से दूसरों के साथ जुड़ते हैं तो जीवन श्रेष्ठ बन जाता है। साथ ही सभी ने गक्कड़ भर्ता तिल गुड़ के लड्डू और केक कटिंग कर इस त्यौहार को मनाया। इस अवसर पर बीके दुर्गा बहन, अनिता बहन, नेहा बहन, मंगला बहन, बरखा बहन, बेबी बहन, ज्योति बहन, . देवयंती बहन चमन बहन, तृप्ति बहन, वैष्णवी बहन, प्रियंका बहन, निलांजलि बहन, मीना बहन, नीतू बहन बिट्टू भाई ,शैलेंद्र भाई और अन्य भाई बहनों का सहयोग। कार्यक्रम का समापन नन्ही बालिका खुशी के मनमोहन नृत्य से हुआ।

## अभद्र टिप्पणी से आहत महिला ने की खुदकुशी, 3 आरोपितों को भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

सोशल मीडिया में की गई पोस्ट पर अभद्र टिप्पणी से आहट एक महिला द्वारा खुदकुशी किये जाने की मामले में पुलिस ने दो व्यक्तियों एवं एक महिला को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्यवाही की गई। मामला ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र का है। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेडरिया एव एस.डी.ओ.पी. श्रीमति आंकाक्षा चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी ढीमरखेडा निरीक्षक अभिषेक चौबे के नेतृत्व में की गई।



पुलिस के अनुसार दिनांक 27 दिसंबर को सोशल मीडिया पर पोस्ट करने को लेकर आरोपितों द्वारा अभद्र टिप्पणी करने से आहत महिला द्वारा आत्महत्या कर ली गई थी। इस घटना से ग्राम कटरिया में ग्रामीणों के द्वारा बड़ी संख्या में आरोपियों का विरोध भी किया गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए मृतिका की मौत पर पुलिस ने मर्ग पंजीबद्ध करते हुए उसकी जांच की और जांच में आए तथ्यों के आधार पर आरोपी शिवम चौधरी, रमेश चौधरी और फूलबाई चौधरी तीनों निवासी ग्राम कटरिया थाना ढीमरखेड़ा के विरुद्ध धारा 108, 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। विवेचना के दौरान तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय की समक्ष पेश किया गया जहां से जेल दाखिल किया गया है।

कार्यवाही में थाना प्रभारी अभिषेक चौबे, प्रआर दीपक श्रीवास, आर पंकज सिंह, डुमनदास, जागेश्वर की भूमिका रही।

### 25 गुम मोबाइल बरामद कर वापस लौटाये

**कटनी।** बड़वारा पुलिस ने साइबर सेल की मदद से एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए विभिन्न स्थानों से गुम हुए 25 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इन मोबाइलों को उनके असली मालिकों को एक कार्यक्रम के दौरान सम्मानपूर्वक वापस सौंप दिया गया। एएसपी डॉ. संतोष कुमार डेहरिया ने बड़वारा थाना परिसर में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में आवेदकों को उनके मोबाइल फोन वितरित किए। लंबे समय से अपने फोन खो चुके लोगों के चेहरे पर मोबाइल वापस पाकर खुशी साफ झलक रही थी। कई फरियादियों ने बताया कि उन्हें अपना फोन दोबारा मिलने की उम्मीद बिल्कुल नहीं थी। पुलिस द्वारा बरामद 25 मोबाइल फोन की बाजार में लाखों रुपये आंकी गई है। डॉ. डेहरिया ने कहा कि:"पुलिस का मुख्य उद्देश्य जनता की सेवा और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

## चोरी के मामले में धरे गये चार बदमाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

मकान का ताला तोड़कर सामग्री चोरी करने के मामले में पुलिस ने चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डाक्टर संतोष डेहरिया एवं एसडीओपी सलीमानाबाद आकांक्षा चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी अभिषेक चौबे के नेतृत्व में की गई है।

पुलिस के अनुसार 12 जनवरी को प्रार्थी चमन लाल पिता होलली चौधरी 70 साल निवासी ग्राम सरई ने थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट की थी कि उसके पुत्र रमेश चौधरी के सूने मकान का ताला तोड़कर मकान में रात्रि में घुसकर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा घर के अंदर रखे 2 क्विंटल चावल एक गैस सिलेंडर चुरा कर ले गए है। रिपोर्ट पर धारा



331(4) 305 (ए) बी एन एस का दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने ग्राम सरई में चार संदिग्ध व्यक्तियों को पुलिस टीम द्वारा हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ की गई और 24 घंटे के अंदर चोरी गए माल मसरुका को को बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में 1.मोनू सिंह पिता शेर सिंह 24 साल निवासी सरई 2.कृष्ण पाल सिंह पिता सुशील सिंह 21 साल निवासी सरई कटारिया 3. जयभान सिंह पिता प्रणाम सिंह 21 साल निवासी छोटी सरई एवं उमेश सिंह पिता प्रणाम सिंह 30 वर्ष निवासी छोटी सरई थाना ढीमरखेड़ा शामिल हैं।

थाना प्रभारी अभिषेक चौबे के नेतृत्व में की गई कार्यवाही में सहायक उप निरीक्षक विजेंद्र तिवारी प्रधान आरक्षक दीपक, मनोज, आरक्षक डोमन दास, पंकज रंजीत, जागेश्वर, अजय की भूमिका रही।

### सूर्य को अर्घ्य देकर तिल के लड्डू का लगाया भोग, घरों में बनाये गये पकवान

## मकर संक्रांति पर नदी व सरोवरों में लगाई डुबकी, मंदिरों में पूजन -अर्चना करने रही भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

सूर्य उपासना का पर्व मकर संक्रांति बहोरीबंद विकासखण्ड क्षेत्र में परंपरागत रूप से बुधवार को मनाया गया। श्रद्धालुओं ने सुबह पवित्र जलस्त्रोतों में स्नान करने के बाद भगवान के दर्शन किए और खिचड़ी सहित तिल-गुड के बने पकवान और खिचड़ी आदि दान की। इसके साथ ही मेलों का सिलसिला भी शुरू हो गया है। मेलों में लोग झूलों का भरपूर आनंद उठाये। मकर संक्रांति पर डुबकी लगानी के लिए सुबह बड़ी संख्या में श्रद्धालु रूपनाथ धाम पहुंचें जहाँ स्नान कर भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया गया और भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की गई



। साथ ही खिचड़ी सहित गुड व तिल आदि दान किया। वही क्षेत्र के जिलहरी धाम,तपत कुंड धाम, गया कुंड सहित अन्य मंदिरों में भी दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ रही।

### रूपनाथ धाम में मेला शुरू

बहोरीबंद के प्रसिद्ध रूपनाथ धाम में मकर संक्रांति से सात दिवसीय मेला का आगाज हुआ। वही स्लीमनाबाद के तपत कुंड धाम व बिलहरी के गया कुंड धाम मैं भी मकर संक्रांति मेला का आगाज हुआ। जहां लोग मेला देखने पहुँचे। यहां भी सुबह लोग स्नान कर पूजा अर्चना की। वही घरो मैं मकर संक्रांति के पर्व पर तिल-गुड़ ,गजक के व्यंजन बनाये गए।

पंडित दिलीप त्रिपाठी ने बताया कि सूर्य देव का धनु राशि से मकर राशि मे 14 जनवरी की दोपहर 3 बजे मकर राशि मे प्रवेश हुआ। मकर संक्रांति अमृत सिद्दि व सर्वार्थ सिद्दि योग मै मनी। संक्रांति के दिन से सूर्य देव उत्तरायण होते है। मकर संक्रांति भगवान सूर्य का पर्व है। भगवान सूर्य अपने पुत्र मकर के घर पहुंचकर एक माह तक विश्राम करते है।

### कलश शोभायात्रा के साथ श्रीराम महायज्ञ शुरू

स्लीमनाबाद के समीपस्थ ग्राम पंचायत राखी स्थित श्री रमैया कुटी धाम मैं विश्व कल्याण की कामना को लेकर मकर संक्रांति के पावन पर्व पर बुधवार को संत बनवारी दास महाराज के सानिध्य मै श्री राम महायज्ञ प्रारंभ हुआ। भव्य कलश शोभायात्रा निकली जो पूरे ग्राम का भ्रमण करते हुए आयोजन स्थल पहुँची। शोभायात्रा मैं कन्याएं व महिलाएं सिर पर मंगल कलश धारण कर रामनाम की धुन शोभायात्रा मैं गूंज रही थी। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विधि विधान से



श्रीराम महायज्ञ शुरू हुआ। ईश्वर के चरणों मे जुड़े रहो वही सच्चा आधार-श्रीराम महायज्ञ में संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का भी आयोजन शुरू हुआ। कथा का वाचन साध्वी पुष्पा देवी रामायणी के मुखारविंद से किया जा रहा है। प्रथम दिवस कथावाचक ने उपस्थित जनमानस को बताया कि भक्त निरंतर भक्ति करते हुए भगवान के भरोसे हो जाए तो संकट में भगवान ही उसकी रक्षा करते हैं। हमेशा भगवान के चरणों से जुडक़र रहो, संकट के समय यह पक्का आधार अवश्य काम आएगा। इस दौरान यज्ञाचार्य प्रमोद परौहा, यजमान दीनदयाल पांडे, विजय नायक मौजूद रहे।

## श्रीमद् भागवत कथा व शिवलिंग निर्माण महोत्सव 18 जनवरी से

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलौड़ी

सिलौंडी के मेन रोड स्थित राय परिवार के निवास पर 17 जनवरी से श्रीमद् भागवत कथा एवं शिवलिंग निर्माण महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। 17 जनवरी को निकलेगी भव्य कलश यात्रा आयोजन का शुभारंभ 17 जनवरी को दोपहर 1 बजे भव्य कलश यात्रा के साथ होगा। इसके पश्चात 18 जनवरी से 24 जनवरी तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन प्रतिदिन किया जाएगा। जिला पंचायत सदस्य कविता पंकज राय ने बताया कि कार्यक्रमों का समय इस प्रकार रहेगा। शिवलिंग निर्माणः प्रातः 9 बजे सेश्रीमद् भागवत कथाः दोपहर 2 बजे से सायं 6 बजे तकपं. दिव्यकृष्ण महाराज करेंगे कथा वाचन कथा वाचन के लिए बृजवासी श्रद्धेय पं. दिव्यकृष्ण जी महाराज आमंत्रित किए गए हैं, जो अपने मुखारविंद से श्रीमद् भागवत महापुराण की अमृतमयी कथा का रसपान कराएंगे। कथा के दौरान विभिन्न धार्मिक उत्सव भी मनाए जाएंगे। 21 जनवरीः श्रीकृष्ण जन्मोत्सव 23 जनवरीः श्रीकृष्ण–रुक्मणी विवाह महोत्सव 24 जनवरीः कथा विश्राम 25 जनवरी को पूर्णाहुति व भंडाराआयोजन का समापन 25 जनवरी 2026 को दोपहर 12 बजे हवन-पूजन, पूर्णाहुति एवं विशाल प्रसादी (भंडारा) के साथ किया जाएगा।

आयोजक श्रीमती विमला राय, श्रीमती रमा सत्येंद्र राय, श्रीमती कविता पंकज राय ने धर्मप्रेमी बंधुओं से पहुंचने की अपील की है।

## खबर संक्षेप



### 60 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त, एक गिरफ्तार

**कटनी।** बिलहरी चौकी पुलिस ने कच्ची शराब जब्त की है। चौकी प्रभारी बिलहरी उप निरीक्षक सुयश पाण्डेय को मुखबिर से मिली सूचना पर ग्राम मतवारी हार बगीचा में सुधीर नरगड़िया पिता बुद्धू लाल नरगडिया निवासी ग्राम करहिया कला को पकड़ा गया। जिसके पास से चार डिब्बों में 60 लीटर हाथ भट्टी की बनी हुई कच्ची महुआ शराब जप्त कर गिरफ्तार किया।

### सूने घर से हजारों की सामग्री किया पार

**कटनी।** ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम कटरिया में चोरी की एक घटना सामने आई है। अज्ञात चोरों ने एक बुजुर्ग के सूने घर को निशाना बनाते हुए नगदी और घरेलू सामान चुरा लिया। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सरई निवासी समन लाल, पिता हुल्ली चौधरी 73 वर्ष के घर में यह वारदात 12 एवं 13 जनवरी की रात में हुई। बताया गया कि घर के सदस्य बाहर गए हुए थे, इसी दौरान चोरों ने सूने मकान में सेंध लगाई। पीड़ित द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट के मुताबिक चोरों ने घर में रखा 5,000 नकद, 2 क्विंटल चावल, एक गैस सिलेंडरचुरा लिया। चोरी गए सामान की कुल कीमत करीब 17,000 रूपये बताई जा रही है।

### एडवोकेट अंजुला सरावगी बजाज बनी कटनी प्रभारी



**कटनी।** राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद मध्यप्रदेश के लीगल सेल के प्रदेश प्रभारी एडवोकेट विवेक तिवारी ने अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए कटनी की अधिवक्ता अंजुला सरावगी बजाज को कटनी का प्रकोष्ठ प्रभारी नियुक्त किया गया है आपकी नियुक्ति परिषद के प्रदेश अध्यक्ष राजेश दुबे की सहमति से परिषद के कटनी जिला अध्यक्ष गोपाल सिंघानिया की अनुशंसा पर की गई।

### 85 हजार रुपये लेकर नहीं कराई जमीन की रजिस्ट्री, मामला दर्ज

**कटनी।** माधवनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत पडरवारा–अमीरगंज इलाके में जमीन सौदे को लेकर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। जमीन की रजिस्ट्री कराने के नाम पर 85 हजार रुपये लेने के बाद इकरारनामा कर मुकर जाने के आरोप में पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार आरोपित के खिलाफ धारा 318(4) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। फरियादी आशुतोष श्रीवास, पिता सुशील श्रीवास उम्र 29 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 12, बिलहरी ने माधवनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि आरोपी रोहित शर्मा, निवासी मानसरोवर कॉलोनी,ने जमीन की रजिस्ट्री कराने के लिए 85,000 की रकम ली थी। आरोप है कि आरोपी ने पहले इकरारनामा किया और जल्द रजिस्ट्री कराने का आश्वासन दिया, लेकिन बाद में वह अपनी बात से मुकर गया और न तो जमीन की रजिस्ट्री कराई और न ही ली गई रकम वापस की। शिकायत की जांच के बाद माधवनगर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि प्रकरण की विवेचना जारी है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### भागवत कथा आज से

**सिलौंडी।** सिलौंडी के समीप वर्ती ग्राम खमरिया बागरी में आज से श्री विष्णु महायज्ञ की 13 वी वर्षगाठ पर श्री मद भागवत कथा कलश यात्रा के साथ शुरू होगी । पंडित मानवेंद्र पौंडी वाले कथा का वाचन करेंगे। आयोजन समिति के देवी सिंह बागरी डी एस पी ,प्रकाश सिंह बागरी पूर्व जनपद अध्यक्ष,सरपंच अनिल सिंह बागरी ने बताया कि प्रतिदिन रात्रि में श्री रामलीला का आयोजन भी होगा।

---

आबकारी अमले ने पांच गांवों में की कार्यवाही, 10 प्रकरण किये गये पंजीबद्ध

# कार्यवाही: 1.27 लाख से अधिक की हाथ भट्टी मदिरा एवं महुआ लाहन किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



ग्रामीण अंचलों में शराब का अवैध कारोबार तेजी से पनप रहा है। सख्त कार्यवाही नहीं होने के चलते शराब माफिया बेलगाम हो गये हैं। गांव गांव गुर्गों के माध्यम से शराब का अवैध कारोबार धड़ल्ले से हो रहा है। आबकारी विभाग की कार्यवाही अधिकतर कच्ची शराब बनाने वालों पर होती है जबकि लायसेंसी दुकानों के ठेकेदार गुर्गों के माध्यम से गांवों एवं मोहल्लों में पैकारियों का संचालन करवा रहे हैं। वाहनों के माध्यम से शराब की खेप पहुंचाई जा रही है। शिकायतों पर न पुलिस ध्यान देती है और न ही आबकारी अमला। जब कभी सड़क पर उतर कर लोग उग्र प्रदर्शन करते हैं तब फौरी तौर पर कार्यवाही कर इतिश्री कर ली जाती है।

बेजा मुनाफा के चलते इस कारोबार से जुड़े माफियाओं को कानून का भय भी नहीं है। शराब के अवैध कारोबार सुदूरवर्ती ग्रामों में भी किया जा रहा है। जिन ग्रामों में प्रशासनिक सहूलियतें भी मुश्किल से पहुंच पाती है वहां भी अवैध शराब सहज रूप से मिल जाती है। नशा कारोबारियों ने मोहल्ले-मोहल्ले अपनी दुकाने खोल रखी हैं। नशे के इस कारोबार को लठैतों के दम पर संचालित किया जा रहा है। किसी गांव-मोहल्ले में यदि लोगों द्वारा इसका विरोध किया जाता है तो इन्हीं लठैतों द्वारा अभद्र व्यवहार के साथ मारपीट तक करने में उतारू रहते हैं। पुलिस और आबकारी विभाग के सुस्त रवैया से इनके हौसले भी बुलंद हैं।

#### यहां की गई कार्यवाही

जिले में अवैध मदिरा निर्माण, विक्रय एवं परिवहन पर रोक लगाये जाने हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर आबकारी विभाग द्वारा कार्यवाही का सिलसिला सतत जारी है। इसी क्रम में आबकारी विभाग द्वारा वृत्त कटनी क्रमांक 03 में आबकारी नियंत्रण कक्ष प्रभारी मंशा राम उइके के नेतृत्व में आबकारी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा वृत अंतर्गत ग्राम भगनवारा, टेढ़ी, गुबराधरी, सलैया, लालपुर में दबिश दी गई । जिला आबकारी अधिकारी सुश्री विभा मरकाम ने बताया कि टीम द्वारा दविश के दौरान 40 लीटर हाथ भट्टी शराब एवं 1215 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया। जब्त शराब की कीमत 1 लाख 27 हज़ार रूपये से अधिक आंकी गई है।जब्तक महुआ लाहन का सैंपल लेकर शेष महुआ लाहन को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। इस कार्यवाही में आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क एवं 34 (1) च के तहत कुल 10 प्रकरण पंजीबद्ध किये गये। इस कार्यवाही में वृत्त क्रमांक 03 प्रभारी आंचल प्रजापति, आबकारी उपनिरीक्षक अतुल कुटार, केशव उइके, आबकारी आरक्षक, चंद्रप्रकाश त्रिपाठी, राम सिंह, सैनिक रवि शंकर तिवारी का योगदान रहा ।

शराब माफियाओं की नकेल न कसने और शिकायतों पर कार्यवाही न होने से इस बात का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि नशे का यह गोरखधंधा मिलीभगत से ही किया जा रहा है। देशी व विदेशी शराब गली-कूचो में बिक रही है। युवाओं और बड़ों को नशा करते देख किशोरवय उम्र में नशे का सेवन शुरू कर देने से शारीरिक विकृतियों के साथ मानसिक दोष भी बढ़ रहे हैं। सबसे बुरा हाल मध्यम व मजदूर वर्ग के लोगों का है। इनकी अधिकांश कमाई नशा माफियाओ की जेब में जा रही है।

---




# 9 सूत्रीय मांगों को लेकर कांग्रेस जनों ने शुरू की भूख हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के सामने 9 सूत्रीय मांगों को लेकर कांग्रेसजनों द्वारा बुधवार से भूख हड़ताल पर बैठ गये। दोपहर करीब 1 बजे से कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं तथा समाज सेवियों व जन समर्थन के द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर भूख हड़ताल प्रारम्भ हुई है। जिन मांगों को लेकर भूख हड़ताल की जा रही है उनमें मुख्य रूप से 1. स्थाई तौर पर BMO की तैनाती की जाए 2. एंबुलेंस परिचालन की व्यवस्था सुदृढ़ रूप से की जाए ताकि ग्रामीणों को इस सेवा का लाभ मिल सके 3. महिला चिकित्सक की पदस्थापना की जाए 4. शव वाहन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए 5. फ्रीजर की व्यवस्था की जाए 6. रात्रि कालीन व्यवस्था हेतु भी डॉक्टर उपलब्ध कराए जाए7. जनरेटर की 24x7 व्यवस्था की जाए 8. CT स्कैन मशीन की भी व्यवस्था कर उसे मुफ्त किया जाए 9. मरीजों के परिजनों को रुकने हेतु रैन बसेरा का निर्माण कराया जाए।

#### ये हुए भूख हड़ताल में शामिल

विकास निगम अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस बड़वारा ओमकार सिंह जिलाध्यक्ष आदिवासी कांग्रेस कटनी शैलेष जायसवाल विधानसभा अध्यक्ष युवा कांग्रेस बड़वारा एन डी तिवारी, सुनिल सिंह, राजेश सिंह, संदीप सिंह, ओंकार गौतम, रंजीता सिंह, प्रभा सिंह, अजय सिंह, चंद्रभान सिंह, कृष्णकुमार सोनी, माधव तिवारी, रामकृपाल शर्मा ,गुड्डू राय, जित्तू गुप्ता, संदीप बैरागी, श्याम बिहारी राय, रणजीत सिंह दीपक चौधरी, रवि बैरागी, पदम बर्मन, महेंद्र सिंह, शिवचरण चौधरी, राम अवध कचेर, शरद खटीक, शहजाद खान राहुल मोगरे मनीष पटेल नीरज अहिरवार आदि शामिल रहे।

---

पार्षद मिथलेश जैन की याचिका पर 4 सप्ताह में मांगा गया है जवाब

# कचरा संग्रहण योजना में करोड़ों का भ्रष्टाचार, हाईकोर्ट ने जारी किया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

वरिष्ठ पार्षद मिथलेश जैन द्वारा घर घर से कचड़ा संग्रहण की योजना में करोड़ों रुपये के भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाते हुए इस कार्य में ठेकेदार रेमकी इनवायरो इंजीनियर प्राईवेट लिमिटेड एवं नगर निगम के अधिकारियों, कर्मचारियों पर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए यह बतलाया है कि फर्जी बिलों के माध्यम से कंपनी को लाखो रुपये की राशि का भुगतान कर शासन कोष को हानि पहुँचाई जा रही है ।

उक्त संबंध में पार्षद मिथलेश जैन की रिट अपील पर म.प्र. हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा, जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बैंच में इस मामले में मिथलेश जैन के द्वारा प्रस्तुत अपील याचिका में म.प्र. शासन, आर्थिक अपराध अनुसंधान विभाग, नगर निगम कटनी, नगर तथा ग्राम निवेश विभाग इत्यादि को नोटिस जारी कर 04 सप्ताह में जवाब मांगा है ।

मिथलेश जैन के द्वारा रिट अपील में बताया गया कि नगर निगम कटनी और रेमकी इनवायरो इंजीनियर प्राईवेट लिमिटेड के बीच 07 मई 2015 को रीजनल इंटीग्रेटेड सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्रोजेक्ट के तहत समझौता हुआ था। समझौते के अनुसार हर घर से कचरा संग्रहण कर नागरिकों को बिल देना अनिवार्य था। कचरे को छोटे वाहनों से सीधे कम्पैक्टर में डालकर प्लांट तक ले जाना था। कचरे का सेग्रीगेशन (छंटाई) करना जरूरी था। रैमकी इनवायरो कंपनी के द्वारा बिल जारी न होने के बाद भी नगर निगम ने कम्पनी को भुगतान किया और बाद में राशि प्रॉपर्टी टैक्स में जोड़कर जनता से वसूली की जा रही है। आरोप यह भी है कि लाखों मीट्रिक टन कचरा उस कृषि भूमि पर डंप किया गया, जो प्लांट के लिए आवंटित नहीं थी। अपील में इसे मास्टर प्लान तथा प्रदूषण नियंत्रण अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन बताया गया है। इन अनियमितताओं की शिकायतें नगर निगम, प्रशासन, पुलिस और ईओडब्ल्यू तक की गईं। वर्ष 2023 में शिकायत दर्ज होने के बावजूद न तो प्रारंभिक जांच पूरी हुई और न ही एफआईआर दर्ज की गई। कंपनी द्वारा कचरा ढोने वाले वाहनों से मलमा सामग्री ढोकर वजन के आधार पर भुगतान लिया जा रहा है। इतना ही नहीं, रेलवे और ऑर्डनेंस फैक्ट्री के कचरे को भी उसी स्थल पर डंप कर कंपनी द्वारा तीन गुना भुगतान लिया जा रहा है, याचिका में अन्य गंभीर आरोप भी लगाये गये हैं।

#### सरकारी धन के दुरूपयोग पर एफआइआर की मांग

पार्षद मिथलेश जैन द्वारा हाईकोर्ट में रिट अपील दाखिल करके नगर निगम अधिकारियों, रैमकी इनवायरो कंपनी के निदेशकों और प्लांट प्रभारी के खिलाफ आर्थिक अनियमितता, पर्यावरण उल्लंघन और सरकारी धन के दुरुपयोग पर एफ.आई.आर. दर्ज करने की मांग हाईकोर्ट से की गई है।

---

## महाविद्यालय में धूमधाम से मनाया गया युवा दिवस कार्यक्रम



शासकीय महाविद्यालय बड़वारा में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. लवकुश सिंह के निर्देशन में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी श्रीमती तोषी पटेल के नेतृत्व में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर परिचर्चा की गई। कार्यक्रम के अवसर पर प्रमुख वक्ता सहायक प्राध्यापक डॉ. दिव्या यादव ने युवा दिवस का महत्व एवं आवश्यकता को समझाया । युवा देश के गौरवशाली अतीत एवं भव्य भविष्य की कड़ी हैं। युवाओं की ऊर्जा को सही दिशा में लगाना और उन्हें कौशल युक्त बनाना ही नए भारत और विकसित भारत के निर्माण में सहायक होगा। कार्यक्रम में 'विकसित भारत विज़न 2047' पर भी प्रकाश डाला गया । कार्यक्रम द्वारा विद्यार्थियों का ज्ञानार्जन हुआ। इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों ने स्वामी विवेकानंद के विचारों की महत्ता एवं प्रासंगिकता को समझा। महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. आदित्य गढ़ेवाल के मार्गदर्शन में दौड़ का भी आयोजन किया गया जो कि रन फॉर स्वदेशी थीम पर आधारित थी। महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने दौड़ में बढ़ चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम में शिक्षकों व कर्मचारियों की भी उपस्थिति रही।

---

# चाइनीज मांझा की बिक्री को रोकने के लिए पुलिस का विशेष सर्चिंग अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया के मार्गदर्शन में चाइनीज मांझा के अवैध विक्रय और उपयोग पर रोक लगाने के लिए पुलिस ने जिलेभर में विशेष सर्चिंग अभियान चलाया। अभियान के तहत शहर सहित जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में स्थित पतंग दुकानों, जनरल स्टोर्स एवं अन्य संभावित प्रतिष्ठानों में पुलिस टीमों ने अचानक निरीक्षण कर सघन तलाशी ली। इस दौरान दुकानों में रखे सामान की गहन जांच की गई।

पुलिस ने दुकानदारों को चाइनीज मांझा के विक्रय, भंडारण एवं उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध की सख्त हिदायत दी। साथ ही चेतावनी दी गई कि भविष्य में किसी भी दुकान पर चाइनीज मांझा पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कठोर वैधानिक कार्रवाई, जप्ती एवं अपराध पंजीबद्ध किया जाएगा। पुलिस ने बताया कि चाइनीज मांझा अत्यंत खतरनाक और जानलेवा है। पूर्व में इससे राहगीरों, दोपहिया वाहन चालकों, बच्चों और पक्षियों के गंभीर रूप से घायल होने तथा मृत्यु की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। धातु और केमिकल मिश्रित होने के कारण यह शरीर के विभिन्न हिस्सों में गहरी चोट पहुंचाता है।

पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे स्वयं और अपने बच्चों को चाइनीज मांझा के उपयोग से दूर रखें तथा इसकी बिक्री या भंडारण की सूचना तुरंत नजदीकी थाना या पुलिस कंट्रोल रूम को दें।

---

मुख्य समारोह में विभिन्न विभागों की झांकियों का होगा प्रदर्शन, सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे

# गणतंत्रता दिवस की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर ने अधिकारियों को दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में हर्षोल्लास से उत्साहपूर्वक गणतंत्रता दिवस समारोह मनाया जायेगा। इसके लिये सभी जरूरी तैयारियां और व्यवस्थायें सुनिश्चित की जायें। कलेक्टर आशीष तिवारी ने यह निर्देश गणतंत्र दिवस की व्यवस्थित और भव्य आयोजन के मद्देनजर आयोजित बैठक में दिये।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर, अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहेरिया सहित सभी विभागो के विभाग प्रमुख मौजूद रहें।

गणतंत्र दिवस समारोह का मुख्य कार्यक्रम 26 जनवरी को प्रातः 9 बजे पुलिस लाईन ग्राउण्ड झिंझरी में आयोजित होगा। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया जावेगा। तत्पश्चात जिला पुलिस बल, विशेष सशस्त्र बल, होमगार्ड, एन.सी. सी. गर्ल्स, बॉयज एवं स्काउड-गाइड, शौर्य दल, वन विभाग कटनी, एन.एस.एस. कटनी के द्वारा मार्च पास्ट किया जाएगा। मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण, मार्च पास्ट कमाण्डरों से परिचय प्राप्त किया जाएगा। तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया जाएगा। तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं झांकियों का प्रदर्शन किया जायेगा। तत्पश्चात शील्ड व पुरस्कार वितरण किया जावेगा। गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में समस्त शासकीय कार्यालयों में एक दिन पूर्व रोशनी की व्यवस्था की जावेंगी।

गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में देशभक्ति, लोक संस्कृति इत्यादि से ओतप्रोत थीम पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। इसके लिये कलेक्टर श्री तिवारी ने चयन समिति का गठन किया है। इस समिति में जिला शिक्षा अधिकारी, प्राचार्य डाईट स्कूल, सहायक परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास, जिला परियोजना समन्वयक और आदिम जाति कल्याण विभाग के जिला संयोजक को शामिल किया गया है। यह चयन समिति शासकीय व अशासकीय स्कूल के बच्चों की प्रस्तुति भौतिक चयन प्रक्रिया के माध्यम से करेगी।

कलेक्टर ने नगर पालिक निगम कटनी, जिला पंचायत कटनी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग/जलनिगम, पशु चिकित्सा विभाग, वन विभाग, कृषि विभाग एवं कृषि अभियांत्रिकी विभाग (संयुक्त रूप से), महिला एवं बाल विकास, शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग, ऊर्जा विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग और उद्यानिकी विभाग को अपनी-अपनी झांकियां प्रदर्शित करने के निर्देश दिये हैं।

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री तिवारी ने मुख्य कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन का दायित्व डाईट के व्याख्याता राजेन्द्र असाटी और जैन पू.मा.वि. की प्राचार्य सीमा जैन को दिया। इसके अलावा कलेक्टर श्री तिवारी ने मुख्य समारोह में बैठक व्यवस्था, मंच व्यवस्था, प्रशस्ति पत्र, प्रमाण पत्र, परेड अभ्यास आदि के संबंध में भी निर्देश दिये हैं।

---

प्राथमिक स्कूल में विद्यार्थियों से ली पढ़ाई लिखाई की जानकारी

# उबड़-खाबड़ रास्तों व मेढ़ों पर चलकर किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर आशीष तिवारी ने विकासखंड ढीमरखेड़ा के भ्रमण के दौरान खेतों, मेढ़ों और उबड़-खाबड़ रास्तों से करीब डेढ़ किलोमीटर पैदल चलकर जलग्रहण मिशन योजना के अंतर्गत ग्राम झिर्री में करीब 15 लाख रूपये की लागत से निर्मित तालाब का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा और जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर भी मौजूद रहे। कलेक्टर को निरीक्षण के दौरान झिर्री तालाब में पानी की पर्याप्त उपलब्धता मिली। बताया गया कि यहां तालाब के समीपवर्ती 8-9 किसानों द्वारा करीब 25 एकड़ खेतों के फसलों की सिंचाई इसी तालाब से की जा रही है।

भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्री तिवारी ने प्राथमिक शाला मढ़िया टोला झिर्री पहुंचकर बच्चों से पढ़ाई-लिखाई की जानकारी ली। उन्होंने कक्षा 3 की छात्रा रिया से 2 का पहाड़ा और कक्षा 5 के छात्र विवेक सिंह से स्कूल परिसर में ही मौजूद खंबों की संख्या का जोड़ पूछा। दोनों ही छात्रों ने सही उत्तर दिया, जिस पर कलेक्टर ने छात्रों को शाबाशी दी। कलेक्टर ने पूछा हाथ उठाकर बतायें कितने बच्चें प्रतिदिन स्कूल आते हैं, जिस पर सभी ने हाथ उठाकर बताया कि वे सभी आते हैं। आज मध्यान्ह भोजन में सभी बच्चों ने खीर, सब्जी और पूरी मिलने की जानकारी दी। कलेक्टर ने सभी बच्चों को खूब मन लगाकर पढ़ाई करने की सीख दी।

कलेक्टर श्री तिवारी ने स्कूल के किचन शेड बनवाने के भी निर्देश दिये। स्कूल में शिक्षक गोरेलाल यादव और नीतू साहू मौजूद मिले। कलेक्टर ने स्कूल के समीप जल ग्रहण मिशन के वृक्षारोपण कार्य का निरीक्षण किया और कम पौधारोपण पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुये यहां विभिन्न प्रजातियों के और अधिक पौधे रोपकर इसे उद्यान के स्वरूप में विकसित करने के निर्देश दिये।

#### दिव्यांग से मिले कलेक्टर

कलेक्टर जब झिर्री से कार्यों के निरीक्षण के बाद निकल रहें थे, तभी उन्हे झिर्री निवासी अस्थिबाधित दिव्यांग जगदीश यादव दिखें। इस पर कलेक्टर ने गाड़ी रूकवाकर तत्काल जगदीश के पास जाकर जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के सीईओ श्री कोरी को निर्देशित किया कि जगदीश को ट्राइसाइकल दिलाना सुनिश्चित करें। ताकि इन्हें कहीं भी जाने में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

---

# विवेकानंद के बताए मार्ग को आत्मसात करे युवा पीढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



मप्र जन अभियान परिषद द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर व्याख्यान माला एवं ग्रामोदय से अभ्युदय के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय माधवनगर के सभागार में किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक कुमार विश्वकर्मा एवं भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन की उपस्थिति रही। अतिथियों के रूप में शासकीय कन्या महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर चित्रा प्रभात, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अंकिता तिवारी, वेद प्रकाश परोहा कौशल विकास केंद्र, अनिल कांबले डीपीएल आनंद विभाग, प्रफुल्ल कुमार सोनी जिला समन्वयक गायत्री परिवार एवं डॉ तेज सिंह केशवाल जिला समन्वयक जन अभियान परिषद की मौजूदगी रही। जिला समन्वयक डॉ तेज सिंह केशवाल ने बताया कि परिषद महापुरुषों की जयंती का आयोजन करते हुए समाज को महापुरुषों के जीवन के संदेश को समाज तक पहुंचाने का प्रयास करता रहता है।

#### 26 तक चलेगा अभियान

स्वामी विवेकानंद की जयंती के आयोजन के साथ ही 12 जनवरी से 26 जनवरी तक ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान के पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा ने स्वामी विवेकानंद जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को अपने जीवन में उनके आदर्शों पर चलने की प्रेरणा दी, साथ ही मध्य प्रदेश शासन के सफलतम 2 वर्ष पूर्ण होने पर सभी को बधाई देते हुए शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं को जरूरतमंद हितग्राहियों तक पहुंचाने में जन अभियान परिषद की भूमिका का उल्लेख करते हुए सभी से इस कार्य में सहयोग प्रदान करने की अपेक्षा की , साथ ही ग्रामों को समृद्ध बनाने के लिए शिक्षा स्वास्थ्य जल संरक्षण पर्यावरण संरक्षण ऊर्जा संरक्षण नशा मुक्ति स्वच्छता जैविक एवं प्राकृतिक कृषि जैसे महत्वपूर्ण विषयों में ग्रामों में काम करने की आवश्यकता पर बल देते हुए अपनी विरासत को अक्षुण्य बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

**खबर संक्षेप**

## मकर संक्रांति पर गौ सदन में हुआ खिचड़ी कार्यक्रम

**पवई।** मकर संक्रांति के अवसर पर देश प्रदेश सहित जिले भर में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसी के तहत पवई नगर से 7 किलोमीटर दूर कटनी मार्ग पर स्थित श्री विद्यासागर गौ रक्षा एवं संवर्धन समिति गौ सदन में संचालित गौशाला में एक अद्भुत,अलौकिक और ऐतिहासिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया ,जिसमें गौशाला में निवासरत लगभग 5000 से अधिक गौवंश को सनातन परंपरा को जीवित रखने हेतु पारंपरिक खिचड़ी एवं शुद्ध गुड़ से बने स्वादिष्ट लड्डू खिलाए गए। बता दें की यह केवल धर्म नहीं बल्कि गौ सेवा परंपरा और पुण्य का अद्भुत संगम है।

## समितियों की बैठक के लिए समय सीमामें करें कार्रवाई

**पन्ना।** शासन के विभिन्न विभागों द्वारा प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समितियों का गठन किया गया है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय सीमा में समितियों की नियमित बैठकें आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। अपर कलेक्टर मधुवंतराव धुर्वे द्वारा बैठक की तिथि निर्धारित कर आगामी तीन माह में समस्त समितियों की बैठक आयोजन के लिए समस्त कार्यालय प्रमुखों को निर्देशित किया गया है।

### सागौन जब्ती में हेराफेरी का आरोप: झलौन वन परिक्षेत्र से चोरी, डिपो में दो दसरी सागौन सिल्लियां जमा

# वन प्रांगण से सागौन चोरी: बम्होरी पाँजी डिपो में पूरी संख्या, झलौन रेंज में जब्ती पर सवाल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ झलौन**

उपवन मंडल अंतर्गत झलौन वन परिक्षेत्र में जब्त की गई सागौन की सिल्लियों को लेकर गंभीर अनियमितता का मामला मँगलवार को सामने आया है। वन परिक्षेत्र परिसर में जब्ती के रूप में रखी गई सागौन की सात सिल्लियों में से तीन दिन पूर्व दो सिल्लियां चोरी हो गईं यह चोरी है या वन कर्मियों की मिलीभगत से दो सिल्लियो को गोल कर दिया गया। जब इस संबंध में मीडिया को जानकारी मिली तो वन विभाग में हड़कंप मच गया। मीडिया द्वारा जब वन परिक्षेत्र अधिकारी से संपर्क किया गया तो उन्होंने प्रारंभ में दो सागौन सिल्लियों के चोरी होने की पुष्टि की। इसके बाद समाचार पत्रों द्वारा दमोह वन मंडल अधिकारी से चर्चा की गई, जिन्होंने स्पष्ट किया कि जब्ती का पूरा रिकॉर्ड होता है और यदि सिल्लियां चोरी हुई हंय तो जिनकी अभिरक्षा में थीं, उनसे वसूली की जाएगी।



इसके पश्चात लगभग 2 घंटे बाद ही झलौन वन विभाग हरकत में आया और मंगलवार को आनन-फानन में ट्रैक्टर-ट्रॉली के माध्यम से सागौन की सिल्लियों को तेंदूखेड़ा स्थित बम्हौरी पांजी काष्ठागार भेज दिया गया। किंतु सबसे चौंकाने वाली बात तब सामने आई जब काष्ठागार में ट्रैक्टर-ट्रॉली पहुंची तो वहां पांच नहीं बल्कि पूरे सात सागौन की सिल्लियां उतारी गईं। हैरानी की बात यह है कि काष्ठागार में रखी गई सात सिल्लियों में से दो सिल्लियां वे नहीं हैं जो पहले चोरी हुई थीं। इन दो सिल्लियों की गुलाई और मोटाई और नई एवं पुरानी में उसमें अंकित क्रमांक एवं साइज में में स्पष्ट अंतर है। सूत्रों के अनुसार, यह दो सिल्लियां कहां से कटी कटाई या पुरानी रखी रखाई यि पुरानी जप्ती की रखी दो सिल्लिया जिन्हें पांच में मिलाकर चालान बनाकर डिपो में जमा करवा दिया गया। यह गंभीर जांच का विषय है उल्लेखनीय है कि जब्ती के समय और डिपो पहुंचने के बाद की फोटो पत्रिका के पास मौजूद हैं, जिनमें सिल्लियों का अंतर साफ नजर आता है।

### इनका कहना है

जब इस विषय में वन परिक्षेत्र अधिकारी सतीश मासीह से चर्चा की गई तो उन्होंने पहले टालमटोल किया, किंतु फोटो बारे में बताएं जाने पर उन्होंने कहा कि कहा कि जप्ती वनरक्षक द्वारा की गई थी और उन्हीं के द्वारा सिल्लियां जमा कराई गई हैं। वही आपको बता सकते हैं उन्होंने यह भी कहा कि यदि कोई गड़बड़ी पाई जाती है तो जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं, वनमंडल अधिकारी ईश्वर जलान्डे ने कहा कि यदि सिल्लियों में हेराफेरी की गई है तो यह गंभीर बात है जांच कराई जाएगी। सब जाँच में आ जाएगा जब भी कोई पीओआर काटा जाता है जो भी जप्तीनामा बनता है उसे पर लकड़ी की गुलाली, लंबाई ,मोटाई सब रहती है कोई भी रिकॉर्ड में हेरफेर नहीं कर सकता यदि ऐसा हुआ है तो एसडीओ साहब के आने पर हम जांच करवाते हैं और ऐसा पाया जाएगा तो दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### ऑक्सीजन पर निर्भर बीमार ग्रामीण की जिंदगी दांव पर

# मंत्री के दखल के बाद 5 घंटे में बदला ट्रांसफॉर्मर

**बनवार ।** मुआर गांव की एक रात कभी न भूलने वाली बन गई, जब बिजली गुल होते ही एक बीमार ग्रामीण की सांसें मानो रुकने लगीं।शाम ढलते ही अचानक बिजली ट्रांसफॉर्मर में खराबी आई और पूरे मोहल्ले की लाइट गायब हो गई। आम दिनों में यह सिर्फ अंधेरा होता, लेकिन सोमवार की रात यह किसी की जान का सवाल बन चुकी थी। ग्राम मुआर के पीपल मोहल्ला निवासी धन सिंह पिछले काफी समय से गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं। उनका पूरा उपचार घर में ही ऑक्सीजन सिलेंडर और मशीनों पर निर्भर है। जैसे ही सप्लाई बंद हुई परिवार में हड़कंप मच गया—क्योंकि बिजली के बिना उनका ऑक्सीजन सपोर्ट रुकने लगा था। परिजन घबराए और सीधे मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी से संपर्क किया। मंत्री ने स्थिति को समझा और तत्काल बिजली विभाग को निर्देश दिए कि एरिया का ट्रांसफॉर्मर किसी भी हाल में जल्द बदला जाए।उसके बाद समय के खिलाफ दौड़ शुरू हुई। नोहटा जोन के जेई प्रभात दुबे की अगुवाई में टीम सक्रिय हुई। ग्रामीणों की मदद और विभागीय स्टाफ की मेहनत से सिर्फ पांच घंटे में गांव के लिए नया ट्रांसफॉर्मर पहुंचाया गया। देर रात 9 बजे मशीन बदली गई और करीब 10 बजे बिजली सप्लाई फिर से शुरू हो गई। बिजली बहाल होते ही घर में ऑक्सीजन मशीनें चालू हुईं और परिवार ने राहत की सांस ली। ग्रामीणों ने कहा "कई बार शिकायतों पर कार्रवाई देर से होती है, लेकिन इस बार विभाग ने जरूरत समझी और समय से पहले काम कर दिखाया।" मुआर गांव के लिए यह घटना सिर्फ बिजली सुधार की कहानी नहीं, बल्कि एक बीमार व्यक्ति के जीवन को बचाने की मिसाल बन गई।



# कोयापुनेप धर्म दर्शन के चौथे दिवस पर उमड़ा जन सैलाब

**तेंदूखेड़ा।** जनपद पंचायत तेंदूखेड़ा के अन्तर्गत ग्राम रिचकुडी मैं सर्व आदिवासी समाज द्वारा 7 दिवसीय कोया पुनेम धर्म दर्शन का आयोजन किया जा रहा है जिसमें आदिवासी समाज के लोगों द्वारा भारी संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया जा रहा है। कार्यक्रम के चौथे दिवस पर जय आदिवासी युवा शक्ति जयस के प्रदेश संगठन मंत्री श्रीकांत सिंह पोरते भी कार्यक्रम में शामिल होकर धर्म लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम में धर्माचार्य गुमान शाह इनवाती द्वारा समाज के लोगों को धर्म संस्कृति रीति रिवाज के बारे में जागरूक किया जा रहा है कार्यक्रम स्थल पर गोंडवाना समग्र विकास क्रांति के जनक गोंडवाना रत्न दादा हीरा सिंह मरकाम की जन्म जयंती भी मनाई गई। जय आदिवासी युवा शक्ति जयस के प्रदेश संगठन मंत्री श्रीकांत सिंह पोरते ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा की हम सभी को अपने धर्म संस्कृति रीति रिवाज के प्रति जागरूक होने की आवश्यकता है। जब तक हम अपनी अधिकारों को लेकर एकजुट होकर आवाज नहीं उठाएंगे तब तक हमें अपने अधिकार नहीं मिलेंगे। इसलिए अब समय आ गया है कि हम सभी को संवैधानिक अधिकारों के प्रति ज्यादा से ज्यादा जागरूक होना चाहिए। तभी हमारी समाज का भला हो पाएगा देश की आजादी के बाद भी आदिवासियों की दुर्गति किसी से छुपी नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं आदिवासियों के विकास हेतु चलाई जा रही हैं लेकिन जानकारी न होने के कारण हमारा समाज उन योजनाओं से वंचित है। इसलिए हम सभी को इन योजनाओं की पूर्ण जानकारी लेकर समाज के लोगों को इन योजनाओं का लाभ दिलाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सभी को एकजुट होकर रोजगार ,शिक्षा,स्वास्थ्य एवं जल जंगल जमीन पर मुखर होकर अपनी बात को सरकार तक पहुंचने की आवश्यकता है। इस अवसर पर नारायण मरावी, ववलू शाह, यशवंत करपेती, गोविंद सिंह,देवी सींग, विश्वनाथ, वृन्दावन पटेल, रघुनाथ परस्ते, भागीरथ वरकड़े, संतोष धुर्वे, बुद्धू धुर्वे, गुलाव सिंह, मनोज वरकड़े, अरविंद पन्द्राम, कमलेश धुर्वे, बृजेश, श्रीकांत सहित वड़ी संख्या में क्षेत्रवासी एवं आदिवासी समाज के लोग उपस्थित थे।



### संस्कृति पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने किया लोकार्पण...

# जंगल के बीचों-बीच स्थित टपका धाम में राज्यमंत्री ने बनवाया सामुदायिक भवन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा/तेजगढ़**

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 56 जबेरा में इस समय स्थानीय विधायक एवं मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के द्वारा अनेकों विकास कार्य किया जा रहे हैं उसी क्रम में जिले की जबेरा विधानसभा अंतर्गत मंडल तेंदूखेड़ा के पावन एवं आस्था के प्रमुख केंद्र सिद्ध धाम टपका में आयोजित भव्य मेला महोत्सव में सम्मिलित होकर स्थानीय विधायक एवं मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया एवं आयोजित मेले में सम्मिलित हुए।

मंत्री ने बताया कि यह आयोजन क्षेत्र की धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक परंपराओं को जीवंत बनाए रखने का एक सशक्त माध्यम है। इस अवसर पर 20 लाख रूपये की लागत से नवनिर्मित सामुदायिक भवन का विधिवत लोकार्पण किया गया। क्षेत्रवासियों द्वारा लंबे समय से इस भवन के निर्माण की निरंतर मांग की जा रही थी, जिसे आज पूर्ण कर जनसेवा का अवसर प्राप्त हुआ। यह भवन भविष्य में क्षेत्र के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं पारिवारिक आयोजनों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। लगभग 100 वर्षों से मकर संक्रांति के पावन पर्व पर यहाँ एक दिवसीय मेले का आयोजन परंपरागत रूप से किया जाता रहा है। क्षेत्र की आस्था और सहभागिता को देखते हुए अब इस मेले को दिवसीय स्वरूप प्रदान किया गया है, जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं लोककलाओं को भी सम्मिलित किया गया है। इससे स्थानीय कलाकारों को मंच मिलने के साथ-साथ हमारी लोकसंस्कृति को संरक्षण भी मिल रहा है। नवनिर्मित सामुदायिक भवन के माध्यम से क्षेत्रवासियों को विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों, बैठकों एवं आयोजनों के लिए सुविधा उपलब्ध होगी, साथ ही बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों के लिए ठहरने की व्यवस्था भी सुनिश्चित हो सकेगी।यह स्थल घने जंगलों के बीच स्थित है, जहाँ प्राकृतिक सौंदर्य, हरियाली एवं स्वच्छ वातावरण मन को शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करता है। इसी कारण यह स्थान श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों दोनों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। आयोजन के दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे, जिससे मेले की भव्यता और गरिमा और भी बढ़ गई।सांस्कृतिक संध्या में प्रसिद्ध बुंदेली गायक श्री भूपत सिंह जी, श्री सीताराम यादव जी एवं उनकी टीम द्वारा प्रस्तुत बुंदेली लोकगीतों एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया और कार्यक्रम को यादगार बना दिया।



इस गरिमामय आयोजन में मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि मूरत सिंह, राजासाब गुलाब सिंह, तेंदूखेड़ा नगर परिषद अध्यक्ष सुरेश जैन, मंडल अध्यक्ष संतकुमार पाल, सतपाल सिंह , श्रीमती अनीता सिंह, श्रीमती रश्मि साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। साथ ही बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी, श्रद्धालु एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यह आयोजन क्षेत्र की धार्मिक आस्था, सामाजिक एकता एवं सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है, और भविष्य में ऐसे आयोजनों के माध्यम से क्षेत्र के समग्र विकास को नई दिशा मिलेगी।

# अभाविप कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**पटेरा ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) महाकौशल, पटेरा इकाई के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को अपनी विभिन्न शैक्षणिक एवं जनहित संबंधी मांगों को लेकर तहसील कार्यालय में तहसीलदार को जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कार्यकर्ताओं ने बताया कि वर्ष 2018 में तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा पटेरा में शासकीय महाविद्यालय की घोषणा की गई थी, लेकिन वर्षों बाद भी उसका क्रियान्वयन नहीं हो सका है। एबीवीपी ने मांग की है कि शीघ्र अतिशीघ्र पटेरा में महाविद्यालय प्रारंभ किया जाए। इसके साथ ही पूर्व में संचालित शासकीय मॉडल स्कूल पटेरा को वर्तमान में सांदीपनि सीएम राइज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में परिवर्तित कर नए (निर्माणाधीन) भवन में संचालित होने जा रहा है। परिषद ने बताया कि पूर्व में मॉडल स्कूल पटेरा में संचालित किया जा रहा था परन्तु शासन ने मॉडल स्कूल पटेरा को सांदीपनी विद्यालय पटेरा में मर्ज कर दिया है जिससे मॉडल स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थी सांदीपनी विद्यालय में मर्ज हो गए और पटेरा में संचालित मॉडल स्कूल का नाम ही खत्म कर दिया गया। ज्ञात हो कि मॉडल स्कूल में विद्यार्थियों का चयन एंट्रेंस टेस्ट एग्जाम के माध्यम से किया जाता है जिससे प्रतिभावान विद्यार्थियों का चयन इस विद्यालय में होता है। और प्रतिभावान विद्यार्थियों को आगे बढ़ने की ऊर्जा मिलती है। लेकिन मॉडल स्कूल पटेरा का सांदीपनी विद्यालय पटेरा में मर्ज होने से अब प्रतिभावान विद्यार्थियों का नुकसान हुआ है। यह विद्यालय अगले सत्र में आई टी आई के पास नव निर्मित भवन में पहुंचने वाला है। जिससे लगभग 20 हजार वर्ग मीटर में निर्मित सुसज्जित मॉडल स्कूल भवन रिक्त हो जाएगा, जिसका समुचित उपयोग नहीं हो पाएगा। इसलिए या तो मॉडल स्कूल को पूर्ववत उसी भवन में संचालित किया जाए अथवा उक्त भवन में शासकीय महाविद्यालय प्रारंभ किया जाए। ज्ञापन में अन्य प्रमुख मांगों में आईटीआई तक पहुंच मार्ग का निर्माण, हटा तिराहा को स्वामी विवेकानंद तिराहा घोषित कर वहां प्रतिमा स्थापना, सभी छात्रावासों का निरीक्षण, कन्या शाला विद्यालय की बाउंड्री वॉल निर्माण तथा हाई स्कूल पटेरा में विद्यार्थियों की संख्या के अनुरूप शासकीय शिक्षकों की नियुक्ति शामिल हैं। एबीवीपी ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन आंदोलन के लिए बाध्य होगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

### माँ वैष्णोदेवी के स्थान पर कामाख्या तीर्थ तक होगी यात्रा

**दमोह।** धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के संचालक श्रेयांस गोखले ने 31 जनवरी से 05 फरवरी 2026 को जिला गुना-सागर-दमोह से संचालित यात्रा को कामाख्या धाम तथा 01 से 06 मार्च 2026 को जिला बुरहानपुर-हरदा-नर्मदापुरम-रानी कमलापति (भोपाल) से जाने वाली यात्रा को अयोध्या-वाराणसी तक संचालित करने के निर्देश दिये है। ज्ञातव्य है वर्षा ऋतु में वैष्णोदेवी क्षेत्र में हुई अतिवृष्टि के कारण कटरा से श्री माता वैष्णोदेवीधाम रेल्वे स्टेशन के मध्य रेल्वे ट्रेक क्षतिग्रस्त होने से कटरा से श्री माता वैष्णोदेवी धाम रेल्वे स्टेशन के मध्य ट्रेनों का संचालन बाधित होने एवं रेल्वे ट्रेक के मरम्मत का कार्य मार्च 2026 तक जारी होने के कारण यात्रा का संचालन सुरक्षित एवं व्यवहारिक नहीं होने से माँ वैष्णोदेवी के स्थान पर कामाख्या तीर्थ की यात्रा कराने का अनुरोध संयुक्त महाप्रबंधक (पर्यटन) आई.आर.सी.टी.सी. क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल द्वारा किया गया है।

# बुरे समय में होती है अपनों की पहचान : पं विपिन बिहारी

### भक्ति ही सच्ची संपत्ति है, ग्राम पंचायत मोहरा में संगीतमय भागवत कथा का सातवां दिवस सुदामा चरित्र के माध्यम से कथा व्यास ने बताया भक्ति का महत्व

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा**

जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत मोहरा में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिवस कथा व्यास पंडित विपिन बिहारी दास जी ने श्रद्धालुओं को भक्ति, मानवता और सदाचार का महत्वपूर्ण संदेश दिया। कथा के दौरान उन्होंने कहा कि अपनों की सच्ची पहचान बुरे समय में होती है। अच्छा समय आने पर तो शत्रु भी साथ देने आ जाते हैं, लेकिन यदि किसी का साथ देना है तो उसके जीवित रहते दें, मृत्यु के बाद नहीं। उन्होंने कहा कि अपने हाथों का उपयोग सदैव गिरते हुए को सहारा देने में करें। जिसकी तबीयत खराब हो, उससे प्रतिदिन एक बार अवश्य मिलें, जिसका समय खराब हो उससे दिन में दो बार मिलें और जिसकी नियत खराब हो, उससे दूरी बनाए रखें। पंडित जी ने जोर देते हुए कहा कि भगवान का जप और ध्यान मनुष्य को हर परिस्थिति में संबल देता है। सुबह उठकर सबसे पहले बुजुर्गों के चरण स्पर्श करने चाहिए, क्योंकि उनका आशीर्वाद जीवन को सही दिशा देता है। कथा व्यास ने कहा कि ईश्वर ने मनुष्य बनाकर इस धरती पर भेजा है, इसलिए इंसानियत के कार्य करना हमारा परम कर्तव्य है। यह जीवन बार-बार नहीं मिलता, अतः इसे भक्ति और सद्कर्मों में लगाना चाहिए। भगवान कृष्ण द्वारा अर्जुन को दिए गए उपदेश का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि जो भगवान का भजन करता है, भगवान स्वयं उसके ऋणी हो जाते हैं। माया इंसान को नचाती है, जबकि भक्ति भगवान को नचा देती है। सुदामा चरित्र का विस्तार से वर्णन करते हुए पंडित विपिन बिहारी दास ने कहा कि सुदामा जी भौतिक दृष्टि से निर्धन थे, लेकिन जिनके चरण स्वयं भगवान कृष्ण दबा रहे हों और माता लक्ष्मी जिनके लिए पंखा झुला रही हों, उनसे बड़ा धनवान कौन हो सकता है। सुदामा चरित्र भक्ति, मित्रता और सादगी का अनुपम उदाहरण है। सुदामा जी भगवान श्रीकृष्ण के परम मित्र थे। वे प्रेमपूर्वक मुट्ठी भर चावल लेकर द्वारका पहुँचे। भगवान कृष्ण ने उनका आदर-सत्कार किया और चरण धोए। सुदामा ने कुछ माँगा नहीं, फिर भी भगवान ने उनकी दरिद्रता हर ली। यह चरित्र सिखाता है कि सच्चा धन भक्ति और विनम्रता है।सुखदेव जी द्वारा राजा परीक्षित को दिए गए उपदेश का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह संसार भरोसे के योग्य नहीं है, इसलिए मनुष्य को प्रतिदिन कम से कम एक बार मंदिर जाकर भगवान की चौखट पर शीश अवश्य झुकाना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सच्ची संपत्ति धन में नहीं, बल्कि भक्ति, विनम्रता और सादगी में निहित है। ब्राह्मणों के कर्तव्य पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि ब्राह्मण को अपने कर्म, चरित्र और ज्ञान पर विशेष ध्यान देना चाहिए। आज के समय में मनुष्य के चेहरे से मुस्कान गायब होती जा रही है, इसलिए जो प्राप्त है उसमें संतोष रखकर जीवन जीना चाहिए। अंत में पंडित विपिन बिहारी दास जी ने सभी श्रद्धालुओं से प्रतिदिन भजन-कीर्तन और भगवान नाम के जाप का आग्रह किया, क्योंकि भक्ति के मार्ग से ही ईश्वर की सच्ची प्राप्ति संभव है।





# लक्ष्य फाउंडेशन द्वारा पौधों की निराई-गुड़ाई का कार्य किया



**दमोह।** लक्ष्य शिक्षा एंड राहत कोष फाउंडेशन द्वारा राष्ट्रीय संरक्षक अमरपाल सिंह लोधी (आईआरएस, जॉइंट कमिश्नर भारत सरकार) के जन्मदिवस के अवसर पर चार वर्ष पूर्व से लगाए गए पौधों की निराई-गुड़ाई एवं देखरेख का कार्य लक्ष्य टीम दमोह द्वारा किया गया। लक्ष्य लागतार प्रकृति संरक्षण बच्चों बच्चों के लिए शिक्षण सामग्री वितरण कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम एवं यातायात जागरूकता कार्यक्रम सक्रिय रूप से सतत चल रहा है। लक्ष्य प्रांत प्रचारक एवं संगठन महामंत्री मध्यप्रदेश रूपेन्द्र सिंह ने बताया कि संस्था द्वारा पूर्व में किए गए वृक्षारोपण के तहत हायर सेकेंडरी स्कूल फतेहपुर, पुलिस चौकी फतेहपुर, शासकीय आयुष केंद्र फतेहपुर, पीएम श्री हायर सेकेंडरी स्कूल मगरोन, शासकीय प्राथमिक शाला सेमरा रामनगर, शासकीय नवीन माध्यमिक शाला कनौरा रामनगर, बेलखेड़ी एवं नीमन तिराहा बटियागढ़ सहित कई स्थानों पर रोपित पौधों की नियमित देखरेख की जाती है। उन्होंने बताया कि पौधों को समय-समय पर खाद, दवा एवं पानी देकर संरक्षित किया जा रहा है और अब ये पौधे वृक्ष का रूप लेने लगे हैं, जो भविष्य में प्राणवायु के साथ फल-फूल भी प्रदान करेंगे। संस्था ने नागरिकों से अपील की कि जन्मदिवस व शुभ अवसरों पर फिजूल खर्च के बजाय वृक्षारोपण एवं शिक्षा सहायता जैसे कार्य करें। कार्यक्रम में शुभम विश्वकर्मा, धर्मेंद्र सिंह, डॉ. द्वारका प्रसाद अठया, भरत सिंह, राजा ठाकुर, साहब सिंह, संजय खान सहित अन्य युवाओं की उपस्थिति रही। सभी ने प्रकृति संरक्षण की शपथ लेते हुए वृक्षारोपण को जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।

# हाकी दमोह ने की श्रद्धांजलि सभा



**दमोह।** हॉकी दमोह द्वारा हॉकी टरफ मैदान पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष आर आर खुशाल की अध्यक्षता मे शोक सभा की गई। सासंद राहुल सिंह की बिटिया संस्था सिंह के असमय निधन पर शोक सम्वेदना व्यक्त कर खिलाडियो ने दो मिनट का मौन रखकर पुष्पांजलि अर्पित की। हाकी सचिव ललित नायक ने शोक प्रस्ताव रखा। बिटिया संस्था की दिवंगत आत्मा की शांति तथा परिवार गहन दुख सह सके। ऐसी ईश्वर से प्रार्थना है। खिलाडी हामिद के दादा कासिम ठेकेदार को भी पुष्पाजलि अर्पित की। सभा मे हरिशंकर यादव राजेश सालोमन भगवान सिंह विजय ठाकुर अल्ताफ खान जिया खान किशन सिंह विकास जैन तरूण असार विवियन इमरान तथा खिलाडियो की उपस्थिति रही।

### खबर संक्षेप

## दो पशु मालिकों को 60 हजार रूपये का धनादेश जारी

**दमोह।** पू.क्षे.वि.वि.कं.लि.दमोह उत्तर संभाग कार्यपालन अभियंता (संचा./संधा.) इंजी.प्रवीण कुल्हारे ने बताया मडियादो वितरण केंद्र के ग्राम तिंदनी में संतोष यादव पिता रामविशाल यादव की एक भैंस की मृत्यु करेंट लगने से हुई थी, जिस पर कार्यवाही करते हुये विद्युत विभाग द्वारा, पशु मालिक संतोष यादव पिता रामविशाल यादव को मुआवजा के तौर पर कम्पनी नियमानुसार राशि 30 हजार रूपये का धनादेश एवं बटियागढ वितरण केंद्र अंतर्गत ग्राम आलमपुर में निर्भय सींग पिता स्वरूप सींग की एक भैंस की मृत्यु करेंट लगने से हुई थी, जिस पर कार्यवाही करते हुये विद्युत विभाग द्वारा पशु मालिक निर्भय सींग पिता स्वरूप सींग को मुआवजा के तौर पर कम्पनी नियमानुसार राशि 30 हजार रूपये का धनादेश 05 जनवरी 2026 प्रदान कर दिये गये है।

## पूर्व सैनिकों को किया गया सम्मानित

**दमोह।** वेटरन्स दिवस प्रतिवर्ष 14 जनवरी को मनाया जाता है। इसी क्रम में 10 वां सशस्त्र बल वेटरन्स दिवस कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। इसमें देश की रक्षा में योगदान देने वाले शहीद के परिवार के सदस्यों, वीर नारियों एवं पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया जाता है। इस कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों को डिप्टी कलेक्टर छोटेगिरी गोस्वामी ने सम्बोधित किया तथा वरिष्ठ पूर्व सैनिकों को सम्मानित करते हुये सभी शहीद परिवारों के सदस्यों, वीर नारियों व पूर्व सैनिकों को शुभकामनायें दी।

### जिला स्वास्थ्य समिति समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिये अहम दिशा निर्देश

# मशीन के बावजूद एक्स-रे नहीं किये जाने पर कलेक्टर ने रोष व्यक्त किया

### एक सप्ताह के अंदर लैब टैक्नीशियन की व्यवस्था कर संस्था में एक्स-रे सेवा प्रारंभ की जाये-कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। समीक्षा के दौरान बटियागढ़ में एक्स-रे मशीन के बाबजूद एक्स-रे नहीं किये जाने पर श्री कोचर ने रोष व्यक्त किया और एक सप्ताह के अंदर लैब टैक्नीशियन की व्यवस्था कर संस्था में एक्स-रे सेवा प्रारंभ करने के निर्देश दिये ।

पटेरा बीएमओ को भी संस्था में नियमित रूप एक्स-रे आरंभ करने के निर्देश दिये । बैठक में स्वास्थ्य एवं पोषण से जुडी योजनाओं, स्वास्थ्य सूचकांको पर विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. अठया, सिविल सर्जन डॉ. प्रहलाद पटेल सहित स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला एवं खण्ड स्तरीय अधिकारी एवं कार्यक्रम अधिकारी तथा स्वैच्छिक संगठन अंतरा एवं विश फाउण्डेशन के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

कलेक्टर श्री कोचर ने महिला बाल विकास विभाग द्वारा संचालित बच्चों के शारीरिक माप अभियान एवं पोषण गतिविधियों की समीक्षा की। दमोह शहरी क्षेत्र में अपेक्षाकृत बेहतर सुधार पाया गया, ग्रामीण क्षेत्र एवं पटेरा में अपेक्षाकृत कम सुधार परिलक्षित होने पर कलेक्टर ने पर्यवेक्षकों को फील्ड में जाकर संपर्क एप में दर्ज बच्चों का नियमित फॉलोअप करने के निर्देश दिये। जिन बच्चों की फॉलोअप प्रविष्टि लंबित है उसे दो से तीन दिन में अपग्रेड कराने के निर्देश महिला बाल विकास अधिकारी को दिये।

#### मातृ-स्वास्थ्य एवं एनआरसी

कलेक्टर श्री कोचर ने शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा दौरान एनआरसी में बेड आक्यूपेंसी 77 प्रतिशत और डिस्चार्ज रेट 84 प्रतिशत पाया गया। बटियागढ़, पटेरा में कम भर्ती पर कारणों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि आंगनवाड़ी द्वारा चिन्हित बच्चों की सीएचओ एवं एएनएम द्वारा जांच कर एनआरसी में रेफर किया जाये। ऐसे चिन्हित सभी बच्चों के समूह बनाकर एनआरसी में भर्ती कराने के निर्देश महिला बाल विकास विभाग को दिये। मातृ-स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत कलेक्टर श्री कोचर ने निर्देश दिये कि माह दौरान निकटतम अनुमानित प्रसव तिथी वाले सभी संवेदनशील गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य पर कड़ी निगरानी रखी जाये। चिन्हित सीवियर केस के मामले में स्वास्थ्य में गिरावट आने पर तत्काल समुचित प्रबंधन किया जाये। चिन्हित मॉडरेट एनिमिक हितग्राहियों के प्रबंधन की समीक्षा में दमोह अर्बन क्षेत्र में पोर्टल पर डाटा प्रविष्टि कम प्रदर्शित होने पर सिविल सर्जन को आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिये। उन्होंने जिला चिकित्सालय में ब्लॉक से आये रेफर केश ब्लॉकवार निकालकर इस संबंध में सीबीएमओ से समन्वय कर सुधारात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिये ।

टीकाकरण समीक्षा दौरान जिले में संचालित विशेष टीकाकरण अभियान की प्रगति की जानकारी जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. विक्रांत चौहान ने दी। उन्होने बताया कि अभियान दौरान 3426 बच्चों को टीकाकृत किया जा चुका है। जिले में एमआर-1 एवं एमआर-2 टीकाकरण में सुधार दर्ज किया गया। टीकाकरण से इंकार करने वाले 351 परिवार चिन्हित किये गये है। कलेक्टर श्री कोचर ने अंतरा एवं विश फाउण्डेशन के प्रतिनिधियों को निर्देश दिये कि टीकाकरण प्रतिरोध वाले क्षेत्रों की पहचान कर परिवारों से भेंट कर बच्चों का टीकाकरण कराने हेतु प्रेरित करें और अद्यतन प्रगति से अवगत करायें।

टी.बी. स्क्रीनिंग 75 प्रतिशत पाई गई, एक्स-रे 17 प्रतिशत पाये जाने पर उसे बढ़ाने एवं निक्षय मित्र एवं फुड बॉस्केट वितरण में तेजी लाने के निर्देश जिला क्षय अधिकारी डॉ. गौरव जैन को दिये। समीक्षा दौरान बटियागढ़ में एक्स-रे मशीन के बाबजूद एक्स-रे नहीं किये जाने पर श्री कोचर ने रोष व्यक्त किया और एक सप्ताह के अंदर लैब टैक्नीशियन की व्यवस्था कर संस्था में एक्स-रे सेवा प्रारंभ करने के निर्देश दिये गये। पटेरा बीएमओ को भी संस्था में नियमित रूप एक्स-रे आरंभ करने के निर्देश दिये गये।

# महिला साइकिल रैली से होगा बुंदेली मेला महोत्सव 2026 का शुभारंभ

### 20 जनवरी को दमोह आएंगी प्रसिद्ध लोकगायिका मालिनी अवस्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



बुंदेली संस्कृति, परंपरा एवं लोककला के संरक्षण और संवर्धन को समर्पित बुंदेली गौरव न्यास द्वारा आयोजित बुंदेली मेला महोत्सव 2026 का आयोजन इस वर्ष 16 जनवरी से 1 फरवरी तक किया जाएगा। इस भव्य आयोजन को लेकर मेला ग्राउंड में एक पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। पत्रकार वार्ता में मेला के पदाधिकारी विवेक शेंडे, सिद्धार्थ मलैया, प्रभात सेठ एवं मोहित संगतानी विशेष रूप से उपस्थित रहे। आयोजकों ने जानकारी देते हुए बताया कि मेले के प्रथम दिवस 16 जनवरी को महिला साइकिल रैली के साथ महोत्सव का शुभारंभ किया जाएगा। यह रैली कलेक्ट्रेट कार्यालय से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख चौराहों से गुजरते हुए तहसील मैदान में समाप्त होगी। आयोजकों ने बताया कि बुंदेली मेला महोत्सव के दौरान प्रतिदिन विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रतियोगिताएं एवं लोककलाओं से जुड़ी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, जिनका उद्देश्य बुंदेली संस्कृति को जन-जन तक पहुँचाना है। महोत्सव के अंतर्गत 20 जनवरी को देश की प्रसिद्ध लोकगायिका मालिनी अवस्थी अपनी प्रस्तुति देंगी। साथ ही लोकप्रिय पॉप सिंगर मनन वीर सिंह भी दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। इसके अतिरिक्त मेले में राम की शक्ति पूजा, आम्रपाली एवं बुद्ध नाटिका, नारी गौरव एवं महान पुरुषों पर आधारित प्रस्तुतियां, राष्ट्रीय कवि सम्मेलन "कौन है दमदार", स्वर श्री, नृत्य श्री एवं वाद्य श्री सहित अनेक आकर्षक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आयोजकों ने नागरिकों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस सांस्कृतिक महोत्सव को सफल बनाएं और बुंदेली विरासत के संरक्षण में सहभागी बनें।

### महामहिम राज्यपाल द्वारा किया गया था लोकार्पण

# करोड़ों रुपए की लागत से बने बड़ा देव मंदिर में पीने के पानी की व्यवस्था नहीं



**जबेरा।** जनपद पंचायत जबेरा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत चौरई के ग्राम चौरई में एक करोड़ एक करोड़ 16 लाख रुपए की लागत से पर्यटन स्थल चोरई में बड़ा देव मंदिर का निर्माण कार्य किया गया जिसका लोकार्पण मध्य प्रदेश के सम्माननीय महामहिम राज्यपाल श्री मंगू भाई जी पटेल के द्वारा दिनांक 5.10.2025 को किया गया था। लो कार्पण के समय भी इस मंदिर में पीने के पानी की व्यवस्था नहीं थी तब आयोजकों को के द्वारा बताया गया था कि जल्द ही इस स्थान पर पीने के पानी की व्यवस्था कर दी जावेगी। उस दिन से लेकर आज दिनांक तक इस पर्यटक स्थल बड़ा देव मंदिर में पीने की पानी की कोई व्यवस्था नहीं है मंदिर के पुजारी आनंद सिंह जी ने बताया कि जिस दिन से लोकार्पण हुआ है उसी दिन से लेकर आज दिनांक तक इस जगह पर पीने के पानी की कोई व्यवस्था नहीं है दूर-दूर से आने वाले यात्रियों एवं दर्शनार्थियों को पानी के लिए लगभग 1 किलोमीटर दूर जाकर के पानी भरकर के लाना पड़ता है। पुजारी ने बताया कि मेरे रहने के लिए भी एक आवास की व्यवस्था होना चाहिए परंतु वह भी नहीं है पानी की व्यवस्था न होने के कारण यहां पर जो वृक्षारोपण किया गया था वह सारे पौधे सूखने की कगार पर हैं। जनपद पंचायत जबेरा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह ने शासन से मांग की है कि तुरंत ऐसे प्रसिद्ध तीर्थ स्थल पर पीने की पानी की व्यवस्था की जावे एवं पुजारी को आवास के लिए एक आवास की व्यवस्था की जावे।

## एमपी यूथ गेम्स विकासखंड स्तरीय चयन प्रतियोगिता का आयोजन

**दमोह।** खेल और युवा कल्याण विभाग ग्रामीण युवा केंद्र पथरिया द्वारा खेलो एमपी यूथ गेम्स विकासखंड स्तरीय चयन (ट्रायल) प्रतियोगिता का आयोजन विकासखंड पथरिया की सरस्वती शिशु मंदिर खेल मैदान में किया गया। प्रतियोगिता बालक एवं बालिका दोनों वर्ग में आयोजित की गई। जिसमें वॉलीबॉल, शतरंज, योगासन, पिट्टू, रस्साकसी एवं खो खो, एथलेटिक्स खेलो की ट्रायल आयोजित की गई। आयोजन प्रभारी युवा समन्वयक श्रीमती संतोषी पटेल द्वारा बताया गया कि विकासखंड से चयनित प्रतिभागी जिला स्तरीय खेलों एमपी यूथ गेम्स में सम्मिलित होंगे प्रतियोगिता को सफल बनाने मं सुजीत पटेल, लवकुश पटेल, प्रेम नारायण पटेल, परसोत्तम तिवारी, रामेश्वर पटेल, बाबूलाल सेन, कपिल पटेल, नर्मदा पटेल, नम्रता विश्वकर्मा, दिलीप चौधरी, दयाराम पटेल, विकास पटेल, राम यादव,सूर्यांश चौरसिया, विशेष सहयोग रहा।

## एसबीआई की विशेष एसएमई शाखा का शुभारंभ



**दमोह।** भारतीय स्टेट बैंक द्वारा जिले के व्यापारियों एवं उद्यमियों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से विशेष एसएमई (SME) शाखा का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उप महाप्रबंधक हरे राम सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम में क्षेत्रीय प्रबंधक हरीश रघुवंशी, मुख्य प्रबंधक आशीष रावत, सुमित सिंह ठाकुर एवं शाखा प्रबंधक विजय कुमार पांडेय की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों ने संयुक्त रूप से शाखा का शुभारंभ कर बैंक की इस नई पहल की सराहना की। ज्ञात होकि यह विशेष 18 अगस्त 2025 से संचालित है, जिसे विशेष रूप से 50 लाख रुपये से अधिक के व्यवसायिक ऋण (बिजनेस लोन) प्रदान करने हेतु स्थापित किया गया है। शाखा प्रबंधक ने जानकारी दी कि यह शाखा एक विशेष वर्ग के ग्राहकों के लिए होने के कारण यहां भीड़-भाड़ नहीं रहती, जिससे ग्राहकों को त्वरित एवं सुगम बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध हो रही हैं। 50 लाख रुपये से अधिक के सभी व्यवसायिक ऋण की सुविधा। बिना भीड़ के तेज एवं प्रभावी बैंकिंग सेवाएं तथा व्यवसाय से संबंधित सभी वित्तीय सेवाओं का एक ही स्थान पर समाधान शामिल हैं।

# करणी सेना ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

### पुलिसकर्मियों पर मारपीट के आरोप, शिकायत वापस लेने बना रहे दबाव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

करणी सेना परिवार टीम जीवन सिंह शेरपुर, जिला दमोह के प्रतिनिधियों ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर एक गंभीर शिकायत दर्ज कराई है। संगठन ने आरोप लगाया कि थाना पटेरा में पदस्थ तीन आरक्षकों द्वारा पहले मारपीट की गई और अब शिकायत वापस लेने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। करणी सेना के जिला अध्यक्ष नितिन सिंह तोमर एवं सागर संभाग महामंत्री निहाल सिंह तोमर के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि 06 नवंबर 2025 को थाना पटेरा में पदस्थ आरक्षक प्रमोद चौबे, इंद्रजीत लोधी और अनिल लोधी ने शराब के नशे में गाली-गलौच करते हुए मारपीट की थी। इस मामले की शिकायत पूर्व में पुलिस अधीक्षक के समक्ष की जा चुकी है, लेकिन अब तक ठोस कार्रवाई नहीं हुई। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि 13 जनवरी 2026 की रात करीब 3 बजे, मामले के प्रमुख आरोपी शिकायतकर्ता के घर पहुंचे और गाली-गलौच करते हुए शिकायत वापस लेने का दबाव बनाने लगे। संगठन का दावा है कि इस घटना के वीडियो साक्ष्य भी उपलब्ध हैं, जिनमें दबाव बनाने वाले लोग स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। करणी सेना ने पुलिस अधीक्षक से वीडियो में दिखाई दे रहे सभी व्यक्तियों की निष्पक्ष जांच कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि भविष्य में इस प्रकार की घटना दोहराई जाती है या समय रहते कार्रवाई नहीं होती है, तो संगठन को आंदोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। कपिल राजपूत सैफ खान शिवम, कुनाल विकास राजपूत, भी उपस्थित रहे।

## मकर संक्रांति पर मनाया तिल एवं पतंग उत्सव

**जबेरा।** महिला सशक्तिकरण को प्रोत्साहन देने के उद्धेश्य से मध्यप्रदेश शासन एवं राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के निर्देशन में हौसलें की उड़ान अभियान का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जबेरा द्वारा बुधवार को जबेरा विकासखंड के ग्राम हरदुआ खुर्द में हौसलें की उड़ान अभियान कार्यक्रम का



आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीण क्षेत्र से एकत्रित हुई समूह की महिलाओं ने अपनी सफलता की कहानी दोहराते हुए अन्य महिलाओं को भी इसके लिए प्रेरित किया। साथ ही समूह की महिलाओं द्वारा मकर संक्रांति का पर्व मनाते हुए तिल एवं पतंग उत्सव का आयोजन उत्साह से किया गया। जिसमे रोशनी ग्राम संगठन के द्वारा सभी समूहों की महिलाओ को एक जगह पर एकत्रित कर उन्हें ब्लॉक प्रबंधक धर्मेन्द्र मिश्रा के द्वारा उत्सव के पीछे छिपी भावनाओं के बारे में बताया की तिल महोत्सव का उद्धेश्य है की हमारी सभी दीदियां एक साथ एक जगह बैठकर भोजन करे जिससे आपसी प्रेम और भाईचारा बढ़े और समूहों के कार्यों अनुभवो का आदान प्रदान हो सके। वही लोक सेवा केंद्र की समता समन्वयक मीना ठाकुर द्वारा सभी दीदियो क्रो पतंग का वितरण किया। कार्यक्रम में सहायक ब्लॉक प्रबंधक अजय शुक्ला, हिरदेश सिँह ठाकुर, दीपक सोनी अभिषेक कोष्टा आदि द्वारा भी दीदियो का उत्साहवर्धन किया जिससे उनकी परिकल्पनाये साकार रूप लें सके और समूहों के माध्यम से उनका आर्थिक सशक्तिकरण हो सके और वह आगे बढ़ सके। वही बैंक सखी वंदना मेहरा ने ऋण लेने की प्रक्रिया और वापिसी की बात बताई जिससे कोई भी समूह एनपीए न हो सके। इस अवसर पर कल्पना मेहरा, प्रभा मेहरा, नीलू घोषी, सीमा,ज्ञान बाई, सुधा, आशा बाई, केसर रानी, ललिता राम मेहरा, सुहाग रानी, केसर रानी, रामरती, अर्चना, मेहरा, गुलाब बाई, सीता मेहरा सहित समूहों की अनेकों महिलाए उपस्थित रही।

## शिक्षक ने कलेक्टर को पुस्तक भेंट की

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर को कलेक्ट्रेट कार्यालय में पटेरा के माध्यमिक शिक्षक अजीत अवस्थी ने अपनी सद्य प्रकाशित किताब ₹भारतीय शिक्षाःविकल्पों का समीकरण₹ भेंट की। कलेक्टर श्री कोचर ने



प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनकी इस कृति के लिए बधाई दी। साथ ही शिक्षक को भविष्य में साहित्य के क्षेत्र में अच्छा कार्य करने के लिए शुभकामनाएं दी। ज्ञात हो कि भारतीय शिक्षा प्रणाली पर यह किताब विमर्श करती हैं। शिक्षा के बदलते प्रयोजनों के आधार पर शिक्षा प्रणालियों और उनकी व्यवस्थाओं में परिवर्तन सममयानुकूल होता रहा हैं। किताब में भारत के आदिमकाल से लेकर वैदिककाल, मुगलकाल, ब्रिटिशकाल और वर्तमान प्रचलित नई शिक्षा नीति 2020 तक की शिक्षा व्यवस्था पर एक समग्र विमर्श हैं।

## शराब के नशे में युवक ने कैंची मारकर की खुदकुशी

**दमोह।** जिले के हिंडोरिया थाना के बांदकपुर में बुधवार दोपहर शराब के नशे में एक युवक के द्वारा अपने जीवन लीला समाप्त कर लिए जाने का घटनाक्रम सामने आया है गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल लाया गया था जहां जांच के बाद मृत घोषित कर दिया गया। जानकारी के अनुसार राजा राय 40 वर्ष ने खुद के पेट में कैंची मार ली। जिसे परिजन गंभीर हालत में इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। मृतक के भतीजे विक्की राय ने बताया कि उनके चाचा शराब का सेवन करते थे। बुधवार दोपहर बांदकपुर में शराब के नशे में उन्होंने अपने पेट में कैंची मार ली। पेट में गंभीर घाव होने पर तत्काल उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाकर जांच शुरू कर दी है। घटना का वीडियो भी वायरल हुआ है जिसमें युवक सड़क पर घायल अवस्था में पड़ा दिखाई दे रहा है। हिंडोरिया थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्याय ने बताया मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है।

## श्रद्धांजलि सभा में डालचंद जी बडकुल जी के जीवन को किया याद



**पटेरा।** नगर के जैन समाज के प्रतिष्ठित बड़कुल परिवार के डालचंद जी बडकुल का उदासीन आश्रम कुंडलपुर में धर्म ध्यान साधना करते हुये समाधिमरण होने पर कुंडलपुर में ही अंतिम संस्कार व श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई जिसमें ब्र भाई ब्रम्हचारिणी बहन कुण्डलपुर क्षेत्र के पदाधिकारी, पूर्व पदाधिकारी सहित पटेरा व कुण्डलपुर की जैन समाज के लोग व उनके नाते रिश्तेदार व परिजन शामिल रहे। सभी ने डालचंद जी बडकुल जीवन को एक श्रेष्ठ व उत्कृष्ट श्रावक के रूप में बताते हुये उनके द्वारा की गई धर्म साधना का बखान किया। अपने धर्म चर्या के साथ साथ आचार्य श्री विद्यासागर जी, आचार्य समय सागर जी संघ की सेवा में विशेष योगदान दिया। बडकुल डालचंद जी के पुत्र अशोक बडकुल, जितेन्द्र बडकुल एवं संजय बडकुल को सभी समाज जनों ने ढाढस बंधाया व दिवंगत आत्मा की सदगति के लिये वीर प्रभु से कामना की।

## संकल्प से समाधान अभियान मार्च तक



**पटेरा।** नगर परिषद पटेरा द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं/सेवाओं से जुड़ी समस्याओं के त्वरित एवं समयबद्ध समाधान हेतु जनवरी से मार्च तक संकल्प से समाधान अभियान में संचालित किया जा रहा है। आज संकल्प से समाधान अभियान के तहत नगर परिषद पटेरा के सीएमओ प्रेम सिंह चौहान एवं उनकी टीम द्वारा वार्ड क्रमांक 13 एवं 14 में घर घर जाकर समस्या का निवारण किया गया एवं शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई ।



## बीच नदी में स्थापित दिव्य शिवलिंग, आज भरेगा जलखंडेश्वर धाम में मेला

**गैसाबाद।** प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी मकर संक्रांति के पावन पर्व पर गैसाबाद क्षेत्र के सुप्रसिद्ध धार्मिक स्थल जलखंडेश्वर धाम पर आज मेला भरेगा जिसमें आसपास के गांव के श्रद्धालु मेला में पहुंचकर ,ज्योति लिंग के अंश कहे जाने वाले दमोह और पन्ना जिला की सीमा रेखा व्यारमा नदी के बीच में एक चबूतरे पर स्थापित सदाशिव भगवान शंकर की दिव्य शिवलिंग पर जल अभिषेक करके अपनी मनोकामना पूर्ण करने का वरदान मांगेंगे, लोगों की मान्यता है कि भगवान जलखंडेश्वर जलखंडी बाबा के दर्शन मात्र से प्राणी की मनोकामना पूर्ण हो जाती है, ग़ौरतलब है की जलखंडेश्वर धाम पर मकर संक्रांति के दिन लगने वाला मेला पन्ना जिला की सीमा रेखा में आता है। जबकि फागुन मास में होली पर लगने वाला मेला दमोह जिला की सीमा रेखा में पड़ता है। विगत 4 जनवरी से जलखंडेश्वर धाम पर सीताराम सीताराम के नाम की अखंड रामधुन भी चल रही है जिसमें श्रद्धालु भाग लेकर धार्मिक लाभ अर्जित कर रहे हैं।

### नाम सुधार सूचना

मै मोहित खरे पिता बसंत खरे निवासी म.नं 1412 बजरिया वार्ड क्रमांक 6 दमोह, तहसील व जिला दमोह ने शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मेरी कक्षा 10 वीं की मार्कशीट में मेरा नाम मोहित खरे एवं पिता का नाम बसंत यह लिखा है जबकि मेरे वर्तमान सभी दस्तावेजों में जैसे आधार कार्ड, पेन वार्ड एवं अन्य सभी दस्तावेजों में मेरा नाम मोहित खरे एवं पिता का नाम बसंत खरे है जो कि सत्य व सही है। इस तथ्य की सूचना प्रसारित शपथ पत्र के माध्यम से कर रहा हूं।

**शपथकर्ता - मोहित खरे**

### इस्तहार

एतत द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सुनील गिरीश दुबे पिता राममिलन दुबे वार्ड क्रमांक 05 ग्राम पटेरा का निवासी है। आवेदक द्वारा भूमि क्रमांक/भवन क्र 88 का हस्तांतरण स्वीकृति हेतु दस्तावेज किये गये है। जो म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत प्रस्तुत किया गया है। भूमि क्रमांक / भवन क्र 88 वार्ड क्रमांक 5 श्री राममिलन दुबे पिता श्री गोरे लाल दुबे का नाम दर्ज चला आ रहा है। उक्त भवन/प्लाट के हस्तातरण में यदि किसी को कोई आपत्ति है तो वह आपने स्वामित्व संबंधी अभिलेख के साथ इस्तहार म्याद के पूर्व जमा कर सकते है। म्याद उपरांत प्राप्त आपत्तियों पर सुनवाई नहीं की जावेगी दिनाक 14/01/26 को 15 दिवसीय इस्तहार मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद पटेरा, जिला दमोह**